सुनु जननी सोइ सुत बड़भागी। जो पितु मातु वचन अनुरागी।।
तनय मातु पितु तोषनिहारा। दुर्लभ जननि सकल संसारा।।
|| Ram Katha 963 – ॐमानस मातृ पितृ पक्ष || Yavatmal (भारत) || मोरारी बापू ||

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 61 | इंदौर, शनिवार 13 सितंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## 'आज से आइजोल रेलवे मानचित्र पर होगा'
### मिजोरम की पहली रेल लाइन का उद्घाटन कर बोले पीएम मोदी



**आइजोल, (एजेंसी)** मिजोरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। उन्होंने शनिवार को मिजोरम की पहली रेलवे लाइन का उद्घाटन भी किया। प्रधानमंत्री ने 8,070 करोड़ से अधिक की लागत वाली बैराबी-सैरांग नई रेल लाइन का उद्घाटन किया, जो मिजोरम की राजधानी को पहली बार भारतीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। उन्होंने आइजोल को दिल्ली से जोड़ने वाली राज्य की पहली राजधानी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं यहां मिजोरम के लेंगपुई हवाई अड्डे पर हूं। दुर्भाग्य से खराब मौसम के कारण मुझे खेद है कि मैं आइजोल में आपके साथ शामिल नहीं हो पा रहा हूं, लेकिन मैं इस माध्यम से भी आपके प्यार और स्नेह को महसूस कर सकता हूं।' उन्होंने कहा कि चाहे स्वतंत्रता आंदोलन हो या राष्ट्र निर्माण, मिजोरम के लोग हमेशा योगदान देने के लिए आगे आए हैं। त्याग और सेवा, साहस और करुणा, ये मूल्य मिजो समाज के केंद्र में हैं। आज मिजोरम भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह राष्ट्र के लिए, विशेषकर मिजोरम के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है।

प्रधानमंत्री ने कहा, '...कुछ वर्ष पहले मुझे आइजोल रेलवे लाइन की आधारशिला रखने का सौभाग्य मिला था। आज हम इसे देशवासियों को समर्पित करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। दुर्गम रास्तों सहित कई चुनौतियों को पार करते हुए यह बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन अब साकार हो गई है। हमारे इंजीनियरों के कौशल और हमारे कार्यकर्ताओं के जज्बे ने इसे संभव बनाया है। यह सिर्फ एक रेल संपर्क नहीं है, बल्कि यह बदलाव की जीवनरेखा है। यह मिजोरम के लोगों के जीवन और आजीविका में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। मिजोरम के किसान और व्यवसाय देश भर के ज्यादा बाजारों तक पहुंच सकेंगे।'

उन्होंने कहा कि पहली बार मिजोरम का सैरांग राजधानी एक्सप्रेस द्वारा दिल्ली से सीधे जुड़ेगा। यह सिर्फ एक रेलवे नहीं है, बल्कि परिवर्तन की जीवनरेखा है। यह मिजोरम के लोगों के जीवन और आजीविका में क्रांति लाएगी। मिजोरम के किसान और व्यवसाय देश भर के ज्यादा बाजारों तक पहुंच पाएंगे। लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के बेहतर अवसर भी मिलेंगे। इस विकास से कई क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों से हम पूर्वोत्तर के विकास के लिए काम कर रहे हैं। यह क्षेत्र भारत का विकास इंजन बन रहा है। पिछले कुछ वर्षों में पूर्वोत्तर के कई राज्यों ने भारत के रेल मानचित्र पर अपनी जगह बनाई है। पहली बार ग्रामीण सड़कों और राजमार्गों, मोबाइल कनेक्टिविटी, इंटरनेट कनेक्टिविटी, बिजली, नल का पानी और एलपीजी कनेक्शनों का विस्तार किया गया है।

### गांधी सागर में टेंट सिटी का लोकार्पण, सीएम बोले-
# वाटर स्पोर्ट्स से गांधीसागर बनेगा नया एडवेंचर हब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि गांधीसागर अब केवल गिद्धों और चीतों के लिए ही मशहूर नहीं रहेगा, बल्कि यहां वाटर स्पोर्ट्स का असाधारण रोमांच भी नई पहचान बनेगा। उन्होंने शुक्रवार को मंदसौर जिले में आयोजित गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट के चौथे संस्करण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा विकसित टेंट सिटी का भी लोकार्पण किया। डॉ. यादव ने कहा कि गांधीसागर बांध का कैचमेंट एरिया और बैकवॉटर का प्राकृतिक नजारा स्विट्जरलैंड की वादियों से भी ज्यादा मनोहारी है। चंबल नदी के किनारे स्थित यह इलाका जल और वन्यजीव पर्यटन का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में जलमार्ग आवागमन का प्रमुख साधन थे और अब आधुनिक युग में भी पानी से जुड़ी गतिविधियां पर्यटन के क्षेत्र में नई संभावनाएं खोल रही हैं। सीएम भाजपा की एक बैठक और वीसी के बाद रात होने से गांधी सागर फॉरेस्ट रिट्रीट के पास हिंगलाज रिसॉर्ट में ही रात्रि विश्राम के लिए रुक गए।

**चंबल का सीधा संबंध गंगा से जुड़ा-** मुख्यमंत्री ने कहा कि चंबल का संबंध सीधे गंगा से जुड़ा है। शिप्रा नदी चंबल में मिलती है और यही धारा आगे यमुना से जुड़कर गंगा में समाहित हो जाती है। उन्होंने बताया कि चंबल नदी का पानी स्वच्छता के मामले में सर्वोत्तम माना जाता है। उन्होंने गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट की शुरुआत मां चंबल की आरती, मां सरस्वती की पूजा और कन्या पूजन से की।

**पर्यटन से बढ़ेंगे रोजगार-** डॉ. यादव ने कहा कि गांधीसागर में वाटर स्पोर्ट्स गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं। यहां जेट स्की, बोट सफारी, पैरामोटरिंग, जंगल सफारी जैसी रोमांचक गतिविधियां पर्यटकों को आकर्षित कर रही हैं। यह पहल न केवल पर्यटकों



को नया अनुभव देगी, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "विरासत से विकास" के नारे को धरातल पर उतारते हुए राज्य सरकार जल संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा दे रही है।

**चंबल क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं-** सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि गांधीसागर और चंबल क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। विधायक चंदन सिंह सिसोदिया ने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल से मंदसौर और नीमच जिले को 100 करोड़ रुपये से अधिक की विकास सौगात मिली है। गांधीसागर फॉरेस्ट रिट्रीट में 50 शानदार टेंटों वाली यह सिटी पर्यटकों को हर मौसम में आरामदायक ठहरने की सुविधा देती है। यहां स्थानीय व्यंजनों का स्वाद, हस्तशिल्प कार्यशालाएं और इनडोर खेल भी आकर्षण का हिस्सा हैं।

**सीएम ने चम्बल नदी में क्रूज़ की सवारी की और गीत गुनगुनाए-** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शाम को चम्बल नदी की अद्भुत और मनमोहक छटा का अनुभव करते हुए क्रूज की सवारी की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने गीत भी गुनगुनाए तथा क्रूज में बज रहे गीतों का आनंद लेकर सभी के बीच एक आत्मीय माहौल बना दिया। चम्बल नदी की निर्मल धाराओं पर आगे बढ़ते हुए मुख्यमंत्री ने प्रकृति की गोद में कुछ समय बिताया। हरियाली से आच्छादित नदी किनारे, घने वृक्षों की श्रृंखलाएं और पक्षियों का कलरव एक अलौकिक वातावरण प्रस्तुत कर रहे थे। कभी लहरों की मधुर ध्वनि तो कभी ठंडी हवाओं का स्पर्श—इन सबने इस यात्रा को और भी रोमांचक और आनंददायी बना दिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि चम्बल का यह नैसर्गिक सौंदर्य प्रदेश के पर्यटन को नई पहचान देगा। यहाँ की स्वच्छ जलधारा और प्राकृतिक वातावरण न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेगा, बल्कि प्रकृति प्रेमियों को भी आत्मिक सुकून प्रदान करेगा।

# आदिवासी युवती को छेड़ा युवक को चप्पलों से पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मूसाखेड़ी में आदिवासी युवती से छेड़छाड़ और मोबाइल पर मैसेज भेजकर परेशान करने के मामले में हिंदूवादी संगठन (बजरंग दल के कार्यकर्ता रहे) के नेताओं ने एक युवक को पकड़ा और युवती से चप्पलों से पिटवाया और खुद भी पीटा। इसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर युवक से पूछताछ शुरू कर दी है। उसके मोबाइल में इंस्टाग्राम आईडी से कई लड़कियों के चैट मिली हैं।

आजाद नगर पुलिस ने बताया कि सीहोर जिले के नसरुल्लागंज (भेरुंदा) के सेमलपानी निवासी शादाब अली पिछले 15 दिनों से युवती को परेशान कर रहा था। उसने किसी साथी से युवती का मोबाइल नंबर लिया और फिर युवती को अश्लील मैसेज, वीडियो भेजकर परेशान कर रहा था। युवती से उसका फोटो भी मांग रहा था। हिंदूवादी नेता मानसिंह राजावत के मुताबिक करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सहेंद्र दीक्षित ने उन्हें इसकी जानकारी दी। राजावत अपने कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे और युवती से बात की। शादाब की खोजखबर ली तो पता चला कि वह रेत का डंपर लेकर इंदौर आ रहा है। कार्यकर्ताओं कपिल कौशल, लकी पाल, अभय सहित कई लोगों ने उसे पकड़ा और पिटाई की। शादाब रेत के ट्रक पर ड्राइवर है।

# इंदौर जिले में 76 विकास कार्यों को मंजूरी

## 2026 तक हर पंचायत में होगा मुक्तिधाम : मंत्री प्रहलाद पटेल




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। मध्यप्रदेश में ग्रामीण विकास को लेकर बड़ा फैसला हुआ है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने शुक्रवार को इंदौर कलेक्टर कार्यालय में हुई समीक्षा बैठक में घोषणा की कि दिसंबर 2026 तक प्रदेश की हर पंचायत में मुक्तिधाम बनाया जाएगा।

बैठक में उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में तेजी से कॉलोनियां विकसित हो रही हैं और इनमें बुनियादी सुविधाओं के लिए आश्रय निधि की अहम भूमिका है। फिलहाल इंदौर जिले में करीब 180 करोड़ रुपए की आश्रय निधि उपलब्ध है, जिसमें से 20 करोड़ रुपए लागत के 76 विकास कार्यों को मंजूरी दी जा चुकी है। मंत्री पटेल ने स्पष्ट किया कि आश्रय निधि का उपयोग उसी पंचायत में किया जाएगा, जिस पंचायत से राशि वसूली गई है। उन्होंने कहा कि इस निधि के समुचित और पारदर्शी उपयोग के लिए राज्य शासन विस्तृत गाइडलाइन तैयार कर रहा है। आश्रय निधि का उपयोग ग्रामीण कॉलोनियों में ड्रेनेज, बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं पर किया जाएगा। समीक्षा बैठक में बताया गया कि इंदौर जिले के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 76 विकास कार्यों को मंजूरी दी गई है। मंत्री ने निर्देश दिए कि स्वीकृत राशि का पूरा सदुपयोग हो और किसी भी योजना में लापरवाही न बरती जाए। मंत्री पटेल ने जिले में चल रहे स्वच्छता अभियान की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में क्लस्टर वार मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर बनाए जा रहे हैं। इंदौर जिले में वर्तमान में 4 एमआरएफ सेंटर कार्यरत हैं, जहां गीले और सूखे कचरे का अलग-अलग निपटारा हो रहा है। आने वाले समय में दो करोड़ रुपए की लागत से 4 और एमआरएफ सेंटर स्थापित किए जाएंगे। मंत्री पटेल ने कहा कि प्रदेश का लक्ष्य है कि दिसंबर 2026 तक हर पंचायत में एक-एक मुक्तिधाम अनिवार्य रूप से हो। उन्होंने अधिकारियों को इस दिशा में तेजी से काम करने और समयबद्ध योजना बनाकर क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

## इंदौर में होगा परिक्रमा 'कृपा सार' पुस्तक का विमोचन

**इंदौर में नर्मदा खंड सेवा संस्थान की पुस्तक परिक्रमा कृपा सार का विमोचन 14 सितंबर को होगा। मध्य प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने बताया कि इस पुस्तक का विमोचन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक डॉ. मोहन भागवत करेंगे। मैंने 2 बार नर्मदा की पैदल परिक्रमा की है। इन्हीं परिक्रमा को लेकर अपने अनुभव को इस पुस्तक को लिखा है। मेरा सौभाग्य और मां नर्मदा की कृपा है कि 14 सितंबर को हिंदी दिवस पर इस पुस्तक परिक्रमा कृपा सार का विमोचन होगा।**

प्रहलाद पटेल ने नर्मदा परिक्रमा को लेकर कई बातें लिखी है। पटेल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उन्होंने लगभग 72 घंटे की वीडियो क्लिप भी तैयार की है। इस अवसर पर नर्मदा में मिलने वाली 108 पवित्र नदियों के जल से माता अहिल्याबाई होलकर का अभिषेक भी करेंगे। वहीं, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक डॉ. मोहन भागवत को भी 108 पवित्र नदियों का जल उपहार में देंगे। पटेल ने बताया कि उनकी बेटी ने 108 पवित्र नदियों का जल उपहार में देने के लिए विशेष रूप से तैयार किया है। बता दें, प्रहला पटेल ने यह पुस्तक अपनी नर्मदा परिक्रमा के दौरान लिखी थी। उन्होंने दो बार पैदल नर्मदा परिक्रमा की थी। उन्होंने 1994 और 2007 में नर्मदा परिक्रमा की थी।

## पड़ोसी के सरनेम पर कुत्ते का नाम रखा शर्मा

### विरोध करने पर पीटा, एफआईआर दर्ज



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक शख्स ने अपने कुत्ते का नाम पड़ोसी के सरनेम पर शर्मा रख दिया। उसने पड़ोसी दंपती के सामने अपने कुत्ते को नाम लेकर पुकारा तो उन्होंने विरोध किया। इससे नाराज कुत्ते के मालिक ने उनकी पिटाई कर दी। मामला गुरुवार का शिव सिटी का है। दंपती ने राजेंद्र नगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।**

शिकायतकर्ता वीरेन्द्र शर्मा ने बताया कि वे शिव सिटी में शिव मंदिर के पास निहालपुर मंडी में रहते हैं। वे पीथमपुर स्थित एक निजी कंपनी में जॉब करते हैं। इंदौर में उनके पड़ोस में रहने वाले भूपेंद्र सिंह ने अपने पालतू कुत्ते का नाम शर्मा रखा है। वो जानबूझकर उनके सामने अपने कुत्ते को इस नाम से बुलाते हैं।

राजेंद्र नगर पुलिस ने बताया कि वीरेंद्र शर्मा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने भूपेंद्र सिंह और उसके दो साथियों को आरोपी बनाया है। उनके खिलाफ खिलाफ धारा 296, 115(2), 351(3) और 3(5) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया है। वीरेंद्र ने बताया कि गुरुवार रात वे अपनी पत्नी किरण के साथ टहल रहे थे। इसी दौरान भूपेंद्र अपने कुत्ते को घुमा रहा था। आरोप है कि उसने दोस्तों के सामने कहा कि उसने कुत्ते का नाम शर्मा रखा है। उन्होंने कुत्ते का नाम लेते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी भी कर दी। इस पर किरण ने आपत्ति जताई और विवाद बढ़ गया। बात बढ़ने पर भूपेंद्र और उसके साथियों ने वीरेंद्र और किरण के साथ मारपीट कर दी। उन्होंने भूपेंद्र का सिर पकड़ा और गार्डन की दीवार पर पटक दिया। इससे वह घायल हो गए। इसके बाद दंपती थाने पहुंचे।

## वेदों का सार है श्रीमद्भागवत जो मानवमात्र के लिए प्रकाश स्तंभ

### आज कथा का समापन, पूर्णाहुति एवं सम्मान समारोह होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। श्री हंसदामठ में महामंडलेश्वर श्री रामचरण दासजी महाराज एवं महामंडलेश्वर पवनदासजी महाराज के सान्निध्य में आयोजित पितृ मोक्ष दायिनी श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के छठे दिन तिरुपति बालाजी से पधारे श्री जितेंद्रजी महाराज ने कहा कि वेदों का सार है श्रीमद्भागवत महापुराण जो मानवमात्र के लिए प्रकाशस्तंभ है। इसका एक शब्द भी यदि कानों में पड़ जाए तो मनुष्य का उद्धार हो जाता है।**

कथा के प्रारंभ में व्यासपीठ का पूजन आचार्य रामचंद्र शर्मा वैदिक, आचार्य नंदकिशोर शर्मा, राधेश्याम आर्य, सत्यनारायण मालवीय, शिव जिंदल, गिरधर नागर आदि ने किया। आयोजन समिति के राजेश बंसल, संदीप गोयल ऑटो एवं शिव जिंदल ने



बताया कि 13 सितंबर शनिवार को कथा का समापन, पूर्णाहुति, प्रसाद वितरण एवं कथा व्यास श्री जितेंद्रजी महाराज का सारस्वत सम्मान आयोजन समिति एवं शहर की विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं द्वारा अपराह्न तीन बजे से हंसदास मठ में होगा।

## 20 लाख की चरस के साथ पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच ने चरस के साथ एक आरोपी को पकड़ा है। आरोपी शराब तस्करी के काम से जुड़ा है। उस पर पहले भी अवैध नशे को लेकर FIR दर्ज हैं। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक साकिर हुसैन निवासी ई-चंदन नगर को क्राइम ब्रांच ने पोलोग्राउंड इलाके से पकड़ा है। आरोपी के पास से 2 किलो 240 ग्राम चरस मिली है। इसकी अंर्तराष्ट्रीय कीमत करीब 20 लाख रुपए है। आरोपी इसे सस्ते दामों पर बेचता है। वह अवैध नशे के कामों से जुडा है। उस पर पहले भी केस दर्ज हो चुके हैं। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। विजयनगर पुलिस ने भी अमन उर्फ उल्ला खान पुत्र मोहम्मद आरीफ निवासी कोहिनूर कॉलोनी को पकड़ा है। आरोपी के पास से 10 ग्राम एमडी ड्रग मिली है। आरोपी बिजनेस पार्क इलाके में घूम रहा था। वह खुद नशा करने के साथ लोगों को भी नशा बेचता था। उसके अपराधों को लेकर पुलिस जानकारी निकाल रही है।

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
इंदौर, शनिवार
13 सितंबर, 2025



# मानव जीवन में मिली इस कंचन काया को भगवान के ज्ञान गंगा में स्नान कराओ..

## पंडित हरि नारायण वैष्णव का प्रतिपादन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट,
(अनिलकुमार पालीवाल)
श्री क्षेत्र शुक्रताल....



मानव जीवन एक दिव्य देन है और इस जीवन में मिली कंचन काया को भक्ति रस और भगवान की ज्ञान गंगा में स्नान कराओ, ऐसा प्रतिपादन सुप्रसिद्ध कथा व व्याख्यानकार पंडित हरि नारायण वैष्णव ने यहाँ आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन बोलते हुए किया।

यहाँ के श्री शिव धाम परिसर में आयोजित इस कथा का उन्होंने विस्तार से निरूपण किया। कथा में परीक्षित राजा और तोते की कथा प्रस्तुत करते हुए कहा कि जीवन तोते के समान माया रूपी पिंजरे में कैद है, और इसे इस मोह-माया से दूर करने के लिए भक्ति रस और बौद्धिक गंगा में स्नान करना आवश्यक है। तभी जीवन भक्ति मार्ग में समरस हो सकता है, ऐसा उन्होंने विशेष रूप से कहा।

जतीपुरा (उत्तर प्रदेश) स्थित श्री गिरिराज धाम पर स्थापित गोवर्धन पर्वत के रहस्य और परिक्रमा की सात्विकता का भी उन्होंने महात्म्य स्पष्ट किया। राधा-कृष्ण के प्रेम रहस्य को बताते हुए कहा कि प्रत्येक गोपी के आँसुओं का मोल अनमोल है। इसलिए भागवत कथा की समाप्ति के बाद भी हमारे बिछड़ने का रहस्य कल प्रत्येक भक्त को भक्ति की शक्ति के महत्व से अनुभव होगा। बांसुरी को प्रेम की निशानी मानकर श्रीकृष्ण ने राधारानी को अर्पित किया, ऐसा भी पंडित जी ने बताया। प्रेम और विरह का दुवा राधाकृष्ण का प्रेम है, उन्होंने ऐसा कहा। इसी प्रकार मोर और कृष्ण के प्रेम का भी उन्होंने अत्यंत रसपूर्ण वर्णन किया।

सोन्य की द्वारका का निर्माण कर भगवान श्रीकृष्ण ने प्रजा में सुराज्य स्थापित कर लोककल्याणकारी कार्य किए, यह स्पष्ट किया। रणभूमि में सारथ्य सिद्ध किया। द्रौपदी चीरहरण की विचलित कर देने वाली घटना का वर्णन करते हुए कहा कि जब उसकी साड़ी खींची जा रही थी तब स्वयं परमेश्वर ही काम आए। उसी तरह जब हमारे जीवन की नाड़ी खींची जाएगी तब भी परमात्मा ही काम आएंगे, यह समझना चाहिए। इसलिए जब भी जीवन में हमारी साड़ी और नाड़ी खींची जाएगी तो केवल परमेश्वर ही सहारा देंगे। हर भक्त को नामस्मरण और भक्ति का अनुसरण करना चाहिए, ऐसा उन्होंने अपने प्रवचन के अंतिम चरण में कहा।

ईश्वर भक्ति में अग्रणी भक्त के संकट समय में भी परमेश्वर अग्रसर रहते हैं, ऐसा भी उन्होंने दृढ़ता से कहा। भागवत कथा भक्ति और शक्ति के संगम का जीवंत दर्शन कराती है। संघर्ष और न्याय की कृतिशीलता को हमारे जीवन में संजीवनी बनाकर सदैव प्रेरणा देने का कार्य भी श्रीमद्भागवत कथा से होता है, यह भी उन्होंने स्पष्ट किया।

कल कथा के समापन का अंतिम पुष्प होगा तथा कल सार्वजनिक भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आज के छठे पुष्प में भगवान श्रीकृष्ण के रुक्मिणी विवाह का संजीवनी दृश्य प्रस्तुत किया गया। कथा के मुख्य यजमान श्री झाडोत परिवार की ओर से ग्रंथ की आरती की गई।

एमआरपी

## झलकियां...!





















### प्रदेश की 1.26 करोड़ लाड़ली बहनों को 28वीं किश्त में अंतरित किए 1541 करोड़ रुपए

# बहनों की खुशहाली ही सरकार का मिशन : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

◆ **53.48 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 320.89 करोड़ और 31 लाख बहनों को एलपीजी सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 48 करोड़ रुपए भी किए अंतरित**





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**झाबुआ, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश की सभी बहनों के जीवन में नित नई मुस्कान लाना सरकार का संकल्प है। बहनों की खुशहाली ही हमारा मिशन है। राज्य सरकार बहनों को आत्मनिर्भर बनाने देवी अहिल्याबाई नारी सशक्तिकरण मिशन, लाड़ली बहना योजना सहित अन्य योजनाओं के जरिए कदम-दर-कदम आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में संवेदनशील सरकार है। हमारी नीति और नीयत दोनों साफ है। प्रदेश की बहनों को हर महीने प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, बहनों की खुशी में ही हमारी खुशी है। बहनों के जीवन में विकास से ही पूरे समाज का विकास संभव है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को झाबुआ जिले के पेटलावद में आयोजित राज्य स्तरीय लाड़ली बहना सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता महिलाओं का सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण है। सरकार की सभी योजनाओं का लाभ बहनों तक पारदर्शी और प्रभावी तरीके से पहुंचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 17 सितंबर को धार जिले की बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी प्रदेश को पीएम मित्रा पार्क की सौगात देने आ रहे हैं। पीएम मित्रा पार्क से मालवांचल सहित पूरे प्रदेश की तस्वीर बदलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में प्रदेश की 1.26 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 28वीं किश्त की 1541 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने 53.48 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को भी 320.89 करोड़ राशि और 31 लाख से अधिक बहनों को एलपीजी सिलेंडर रीफिलिंग के 48 करोड़ रुपए अंतरित किये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झाबुआ जिले के पेटलावद में 345.34 करोड़ के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिला प्रशासन द्वारा तैयार जनजातीय आयुर्वेदिक परम्परा एवं चिकित्सा ज्ञान पर केन्द्रित पुस्तक 'झाबुआ के संजीवक' का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने बीपीएल परिवारों के 11 दिव्यांग हितग्राहियों को कस्टमाईज्ड पेट्रोल चलित मोटर साईकिल वितरित की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि पेटलावद, झाबुआ का चमकदार क्षेत्र है। झाबुआ अपने प्राकृतिक सौंदर्य के लिए मशहूर है जो खेती और सब्जी उत्पादन में नई इबारत लिख रहा है। यहां का टमाटर देशभर में पहुंचता है। लाड़ली बहनों को आज एक बार फिर सिंगल क्लिक से 1250 रुपए की सौगात मिली है। यह रक्षाबंधन के आनंद की तरह है। योजना की शुरुआत के बाद से अब तक 41 हजार करोड़ की राशि लाड़ली बहनों को दी जा चुकी है। सरकार का खजाना बहनों के लिए भरा हुआ है। दीपावली की भाईदूज के बाद हर माह 1500 रुपए देंगे। हमारी सरकार अपना वचन पूरा करेगी। धीरे-धीरे लाड़ली बहना योजना की राशि 3 हजार रुपए प्रतिमाह कर देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशवासियों को जीएसटी से छूट मिली है। वे भारत को आत्मनिर्भर बनाते हुए दुनिया के सामने चट्टान की तरह खड़े हैं।

दुनिया के हर मंच पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के पहुंचने से ही रौशनी आती है। पूरी दुनिया भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। भारत सरकार देश के 85 करोड़ जरूरतमंदों को निःशुल्क राशन वितरित कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा 17 सितम्बर को कपास उत्पादक किसानों को पीएम मित्र पार्क की सौगात दी जा रही है। इसके साथ सेवा पखवाड़े की शुरुआत भी की जायेगी। स्वस्थ नारी, सशक्त समाज अभियान के अंतर्गत बहनों की सभी प्रकार की जांचें निःशुल्क की जाएंगी। धार-झाबुआ को उद्योग एवं रोजगार से जोड़कर इसके विकास की नई आधारशिला रखी जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में हर स्तर पर बिजली, पानी और सिंचाई सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। किसान भाइयों को किसान सम्मान निधि मिल रही है। प्रदेश में 5 लाख समूहों के माध्यम से 65 लाख बहनें जुड़ी हैं। झाबुआ में 2 लाख बहनें स्व-सहायता समूहों के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ ले रही हैं। दिव्यांग भाई-बहनों को लगभग 320 करोड़ राशि का लाभ दिया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विपक्षी दल के शासनकाल में स्कूलों में बैठने के लिए टाट पट्टी तक नहीं मिलती थी। आज झाबुआ जिले को मेघनगर और पेटलावद में दो सांदीपनि विद्यालय की सौगात मिल रही है। प्रदेश में शासकीय स्कूलों का प्रदर्शन सुधरा है। बोर्ड परीक्षा में कक्षा 12वीं में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को स्कूटी दी जा रही है और 75 प्रतिशत से ऊपर वालों को लैपटॉप वितरित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने सड़क हादसे के घायलों के लिए राहवीर योजना लागू की है। हमारी सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। सभी जिलों में निःशुल्क शव वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। हर मुश्किल समय में सरकार हमेशा नागरिकों के साथ खड़ी है। किसानों ने प्रदेश को समृद्ध बनाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज झाबुआ को लगभग 350 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। राज्य सरकार ने इस अंचल के पारम्परिक भगौरिया पर्व को राष्ट्रीय स्तर का दर्जा दिलाया है। डीजे ने हमारे प्राचीन वाद्य यंत्र खत्म कर दिए थे लेकिन झाबुआ के लोगों ने डीजे प्रतिबंधित करके प्राचीन वाद्य यंत्रों की गरिमा और संस्कृति बरकरार रखी है। मुख्यमंत्री ने बहनों को बधाई देते हुए कहा कि आगामी चुनावों में बहनों को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। इससे देश की संसद और विधानसभाओं में बहनों का प्रतिनिधित्व और बढ़ेगा।

## महिलाओं के हंगामे से शिवराज का कार्यक्रम रुका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से पहले पुलिस और कांग्रेसियों की झड़प हो गई। कांग्रेस ने खाद संकट को लेकर शिवराज के घेराव और काले झंडे दिखाने का ऐलान किया था। हंगामा बढ़ने की आशंका को देखते हुए केंद्रीय मंत्री का कार्यक्रम रद्द करना पड़ा। घटना गुरुवार देर शाम की है। शिवराज दोपहर 3 बजे जिले के कुंदहरी में किसान संवाद में शामिल होने वाले थे। ऐनवक्त पर कार्यक्रम कैंसिल होने को लेकर कांग्रेस नेत्री डॉ. रश्मि पटेल ने कहा, सरकार जनता की आवाज से डर गई है, इसलिए मंत्री का कार्यक्रम बदल दिया गया। नागौद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहीं डॉ. रश्मि पटेल ने अपने समर्थकों के साथ बिहटा गांव में केंद्रीय मंत्री के विरोध की तैयारी की थी। कांग्रेस का आरोप है कि किसानों को खाद नहीं मिल रही है। सरकार इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है।

## फिर सड़क धंसी, 15 फीट गहरी सुरंग दिखी

**ग्वालियर।** शुक्रवार दोपहर को शहर के नदी गेट चौराहे पर एक बार फिर सड़क धंस गई है। मुख्य चौराहे पर 15 फीट गहरी और 4 फीट चौड़ी सुरंग सामने आई है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह स्टेट टाइम का पुराना नाला हो सकता है। दूसरी संभावना यह है कि यह स्वर्ण रेखा नदी का पुराना जल प्रवाह मार्ग हो सकता है। सुरंग की गहराई इतनी है कि इसका अंतिम छोर नहीं देखा जा सकता। इससे पहले चेतकपुरी रोड पर भी सड़क धंसकने की घटना सामने आ चुकी है।

# नसबंदी के बाद भी पत्नी बन गई मां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। सिंगरौली के संतोष शाह को अपनी पत्नी की नसबंदी फेल होने के नौ साल बाद मुआवजे की मांग करनी पड़ रही है। नसबंदी के बाद भी उन्हें चौथा बच्चा हो गया। ऐसे में बच्चे की पढ़ाई का खर्च उठाने में मुश्किल हो रहा है।**

संतोष शाह ने बताया कि वह सिंगरौली जिले के चचर गांव के रहने वाले हैं। उनकी पत्नी रामपति ने 30 जनवरी 2016 को सरकारी अस्पताल में नसबंदी करवाई थी। 4 जून 2018 को उनके बेटे अंकित का जन्म हुआ। अब अंकित सात साल का हो गया है। वह एक प्राइवेट स्कूल में दूसरी कक्षा में पढ़ता है। वहीं, बच्चे के जन्म के बाद संतोष ने अधिकारियों से संपर्क किया लेकिन उन्हें परिवार नियोजन क्षतिपूर्ति योजना के तहत कोई मुआवजा नहीं मिला। संतोष ने कहा कि उन्होंने ऑपरेशन इसलिए करवाया था कि वे 4 और बच्चे का खर्च नहीं उठा सकते थे। इसके साथ ही कहा कि सरकार को उनके बेटे की शिक्षा में मदद करनी चाहिए थी। संतोष और रामपति के पहले से ही तीन बच्चे हैं। वह पहले एक फैक्ट्री में काम करता था। मुआवजे के लिए कई बार कलेक्ट्रेट गया। लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। दो साल पहले संतोष साह ने फैक्ट्री की नौकरी छोड़ दी। अब खेती कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। उनके बच्चे 9वीं, 8वीं, 6वीं और 2वीं कक्षा में पढ़ते हैं। वहीं, संतोष ने इस हफ्ते फिर से मुआवजे की मांग शुरू कर दी है। उनके बेटे के स्कूल ने हाफ-ईयरली एग्जाम से पहले फीस भरने के लिए कहा है। 9 सितंबर को उन्होंने कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान एक नया आवेदन जमा किया।

### 30000 रुपए का मिलता मुआवजा

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि एफपीआईएस के तहत नसबंदी फेल होने पर 30,000 रुपए का मुआवजा दिया जाता है। लेकिन, इसके लिए तय समय के अंदर क्लेम करना होता है। स्वास्थ्य विभाग के एक सूत्र ने बताया कि संतोष ने बच्चे के जन्म के तुरंत बाद अधिकारियों से संपर्क किया था, इसलिए वे मुआवजे के हकदार हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुष्पराज सिंह ने कहा कि अगर परिवार पात्रता मानदंडों को पूरा करता है, तो उन्हें मुआवजा मिलेगा। हम डिटेल्स वेरिफाई करेंगे। संतोष का कहना है कि वे बहुत परेशान हैं। उनके पास बच्चों की पढ़ाई के लिए पैसे नहीं हैं। उन्होंने सरकार से जल्द से जल्द मुआवजा देने की गुहार लगाई है। उनका कहना है कि अगर सरकार मदद नहीं करेगी तो उनके बच्चों का भविष्य अंधकार में डूब जाएगा।

# पत्नी की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी। शुक्रवार दोपहर को एक महिला की गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई। घटना रूप सिंह स्टेडियम के सामने की है। यहां बदमाश ने उसे रोका और उसके चेहरे पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। हत्या के बाद आरोपी शव के पास सड़क पर ही बैठा रहा। गोली चलाने वाले का नाम अरविंद परिहार है। अरविंद ने नंदिनी परिहार से आर्य समाज मंदिर से शादी की थी। पिछले मंगलवार (9 सितंबर) को नंदिनी ने अरविंद के खिलाफ एसपी कार्यालय पहुंचकर शिकायत की थी। नंदिनी ने आरोप लगाया था कि अरविंद ने धोखे से उससे शादी की। अरविंद पहले से शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। दोनों के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा था।**

## संपादकीय

# भारत ने UN में किया पक्ष में वोट

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने शुक्रवार को फिलिस्तीन समस्या के शांतिपूर्ण समाधान करने के लिए न्यूयॉर्क घोषणापत्र का समर्थन करने वाले एक प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। भारत सहित 142 देशों ने इसके समर्थन में मतदान किया। संयुक्त राष्ट्र की स्क्रीन पर प्रदर्शित मतदान परिणामों के अनुसार, इस प्रस्ताव का 142 देशों ने समर्थन किया, 10 ने इसका विरोध किया और 12 देशों ने मतदान में भाग नहीं लिया। इस मामले में भारत का रुख एक संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य फिलिस्तीन राज्य की स्थापना का समर्थन करना है, जो मान्यता प्राप्त सीमाओं के भीतर एक सुरक्षित इजराइल राज्य के साथ शांतिपूर्वक रह सके। परिणाम पर विचार करते हुए, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक्स पर एक पोस्ट में करते हुए लिखा 'आज, फ्रांस और सऊदी अरब के प्रोत्साहन से, 142 देशों ने द्वि-राज्य समाधान के कार्यान्वयन पर न्यूयॉर्क घोषणापत्र को अपनाया है। हम सब मिलकर मध्य पूर्व में शांति की दिशा में एक अपरिवर्तनीय मार्ग तैयार कर रहे हैं।' उन्होंने आगे कहा कि फ्रांस, सऊदी अरब और उनके सहयोगी न्यूयॉर्क में होने वाले द्वि-राष्ट्र समाधान सम्मेलन में सक्रिय रुप से भाग लेंगे। मैक्रों ने कहा कि फ्रांस, सऊदी अरब और उनके सभी सहयोगी द्वि-राष्ट्र समाधान सम्मेलन में इस शांति योजना को मूर्त रुप देने के लिए न्यूयॉर्क में मौजूद रहेंगे। स्थायी शांति के दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए, मैक्रों ने आगे कहा कि एक और भविष्य संभव है। **दो लोग, दो राज्य:** इजराइल और फिलिस्तीन, शांति और सुरक्षा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर रह रहे हैं। इसे साकार करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस गति को और मजबूत करने के लिए अगले कदमों पर जोर देते हुए, मैक्रों ने कुछ दिन पहले बताया था कि फ्रांस और सऊदी अरब 22 सितंबर को न्यूयॉर्क में इजराइल-फिलिस्तीन संघर्ष के द्वि-राष्ट्र समाधान पर एक उच्च-स्तरीय सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए व्यापक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाना है। इसके अलावा मैक्रों ने अमेरिका से फिलिस्तीनी अधिकारियों को वीजा देने से इनकार करने के अपने फैसले को वापस लेने का आह्वान किया और इस कदम को अस्वीकार्य बताया। साथ ही, उन्होंने मेजबान देश समझौते के अनुसार सम्मेलन में फिलिस्तीनी प्रतिनिधित्व के महत्व पर जोर दिया। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने कहा कि मैंने अभी सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से बात की है। हम दोनों मिलकर 22 सितंबर को न्यूयॉर्क में द्वि-राष्ट्र समाधान पर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे। फिलिस्तीनी अधिकारियों को वीजा न देने का अमेरिकी फैसला अस्वीकार्य है। हम इस फैसले को वापस लेने और मेज़बान देश समझौते के अनुसार फिलिस्तीनी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की मांग करते हैं। हमारा उद्देश्य स्पष्ट है: द्वि-राष्ट्र समाधान के लिए व्यापक अंतर्राष्ट्रीय समर्थन जुटाना–इजराइल और फिलिस्तीन दोनों की वैध आकांक्षाओं को पूरा करने का एकमात्र तरीका।

# डायनासोर की गुफा



सालों पहले मिमसपुर गांव में एक डरावना और उड़ने वाला डायनासोर रहता था। उस गांव में डायनासोर की गुफा भी थी, जहां डायनासोर अक्सर आता-जाता था। वह डायनासोर इतना खतरनाक था कि उसके मुंह से आग भी निकलती थी। हर महीने वो डायनासोर गांव में उड़ते हुए मुंह से आग निकालकर गांव के कई घरों को जला देता था।

ऐसे ही हर महीने उस गांव के कई घर और खेत जलकर राख हो जाते थे। हर तरफ उस डायनासोर का डर था। अपने गांव के लोगों को इतना परेशान देखकर राजा ने उस डायनासोर को मारने का फैसला लिया। उन्होंने उसकी गुफा में 10 से 12 सैनिक भेजे। कुछ सैनिकों ने जैसे ही डायनासोर पर चाकू से हमला किया, तो वैसे ही डायनासोर नींद से जग गया और सारे सैनिकों को मार दिया।

राजा जितनी बार भी सैनिकों को गुफा में भेजते, वो डायनासोर मुंह से आग निकालकर सभी को खत्म कर देता। इस सबसे परेशान होकर राजा ने गांव में घोषणा कर दी कि जो भी उस खतरनाक डायनासोर को मारेगा उसे वो दस हजार सोने की मोहर देंगे।

उसी गांव में एक काफी बुद्धिमान व्यक्ति भी रहता था। उसने जैसे ही यह एलान सुना, तो राजा को डायनासोर के आतंक से बचने का उपाय बता दिया। उसने कहा कि हम लोहे को पिघला लेते हैं और उससे बनने वाले लार्वे को डायनासोर पर डाल देंगे। गर्म लार्वे से बचने के लिए जैसे ही डायनासोर उड़ने लगेगा, तो पत्थरों से टकरा जाएगा और उन्हीं के नीचे दबकर उसकी जान निकल जाएगी।


राजा को उसका यह सुझाव अच्छा लगा। उन्होंने अपने सैनिकों को कहकर तुरंत लार्वा तैयार करवाया और सैनिकों के साथ डायनासोर की गुफा में पहुंच गए। फिर ठीक वैसा ही किया जैसा उस बुद्धिमान व्यक्ति ने राजा को करने के लिए कहा था। डायनासोर पर लार्वा जैसे ही गिरा वो इधर-उधर देखे बिना झटके से उड़ने लगा और गुफा से टकरा गया। इसी बीच गुफा के ऊपर के पत्थर उसके ऊपर गिरने लगे और वो उन्हीं के नीचे दबकर मर गया।

ऐसा होते ही राजा और पूरे गांव को राहत मिली और राजा ने इस तरकीब को सुझाने वाले व्यक्ति को दस हजार सोने की मोहर इनाम में दे दीं और अपने यहां मंत्री के पद पर भी उसे नियुक्त कर लिया।

### कहानी से सीख

बुद्धि से मुश्किल से मुश्किल कार्य को भी पूरा किया जा सकता है।

## रंग भरो



डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर, शनिवार
13 सितंबर, 2025



New Delhi

# 'दिल्ली-एनसीआर ही नहीं पूरे देश को साफ हवा का हक...', प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण नियंत्रण को लेकर अहम टिप्पणी की है. कोर्ट ने बढ़ते प्रदूषण के बीच स्वच्छ हवा की जरूरत पर जोर दिया. अदालत ने कहा कि साफ हवा का अधिकार सिर्फ दिल्ली-NCR तक सीमित नहीं रह सकता.

चीफ जस्टिस बी आर गवई ने कहा कि अगर एनसीआर के शहरों को स्वच्छ हवा का हक है तो दूसरे शहरों के लोगों को क्यों नहीं? जो भी नीति होनि चाहिए. वह पैन इंडिया स्तर पर होनी चाहिए. चीफ जस्टिस गवई ने कहा कि हम सिर्फ दिल्ली के लोगों के लिए नीति नहीं बना सकते क्योंकि वे देश के एलीट वर्ग हैं. मैं पिछले



साल सर्दियों में अमृतसर गया था और वहां प्रदूषण दिल्ली से भी बदतर था. अगर पटाखों पर प्रतिबंध लगाना है तो पूरे देश में प्रतिबंध लगना चाहिए. उन्होंने दिल्ली में पटाखों को बैन करने के आदेश को चुनौती देने की याचिका पर सुनवाई के दौरान कहा कि पर्यावरण संबंधी जो भी नीति हो, वह राष्ट्र स्तर स्तर पर होनी चाहिए. हम सिर्फ दिल्ली के लिए इसलिए नीति नहीं बना सकते क्योंकि यहां देश के एलीट वर्ग हैं. अगर पटाखों पर प्रतिबंध लगाना है तो पूरे देश में प्रतिबंध लगना चाहिए. सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी उस याचिका की सुनवाई के दौरान आई, जिसमें तीन अप्रैल 2025 के आदेश को चुनौती दी गई है. याचिका में दिल्ली-NCR में पटाखों की बिक्री, स्टोरेज, परिवहन और निर्माण पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश को संशोधित करने की मांग की गई है.

Karnataka

## कर्नाटक में भीषण हादसा

# गणेश विसर्जन यात्रा में घुसा ट्रक, 8 लोगों की कुचलकर मौत



**हासन, (एजेंसी)** गणेश चतुर्थी के आखिरी दिन भक्तों की खुशी को एक भयानक हादसे ने मातम में बदल दिया। कर्नाटक में हासन जिले के एक गांव में शुक्रवार रात गणेश विसर्जन यात्रा में एक ट्रक के घुस जाने से आठ लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी।

घायलों में से कम से कम आठ लोगों की हालत गंभीर है। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने इस घटना में जान गंवाने वालों के परिजनों को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। यह घटना गणेश चतुर्थी समारोह के अंतिम दिन रात लगभग आठ बजकर 45 मिनट पर मोसाले होसाहल्ली गांव में हुई।

सूत्रों ने बताया कि मृतकों में से अधिकतर युवा लड़के हैं और 20 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए तथा उन्हें इलाज के लिए हासन के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि ट्रक कथित तौर पर अरकलगुडु से आ रहा था और चालक का वाहन पर से नियंत्रण खो जाने के बाद ट्रक ने श्रद्धालुओं को कुचल दिया।

दुर्घटना के बाद ट्रक चालक भुवनेश ने कथित तौर पर भागने की कोशिश की, लेकिन भीड़ ने उसे पकड़ लिया और उसकी पिटाई की तथा बाद में पुलिस के हवाले कर दिया। सूत्रों ने बताया कि ट्रक एक 'लॉजिस्टिक्स' कंपनी का है।

Telangana

# अवैध संबंधों में बाधा बन रही थी दो साल की बेटी, मां ने प्रेमी संग मिलकर कर दी हत्या

**तेलंगाना.** तेलंगाना के मेडक जिले में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. शिवारामपेट मंडल के शेबाशपल्ली गांव में मां और उसके प्रेमी ने मिलकर दो साल की बच्ची की हत्या कर दी. पुलिस ने बताया कि बच्ची अवैध संबंधों में बाधा बन रही थी.

पुलिस के मुताबिक, आरोपी महिला ममता और उसके प्रेमी फैयाज ने बच्ची की जान इसलिए ली क्योंकि वह उनके अवैध संबंधों में बाधा बन रही थी. हत्या के बाद दोनों ने शव को गांव के बाहरी इलाके में बहने वाली एक नाले के पास दफना दिया. मामले का खुलासा तब हुआ जब ममता के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई. शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने सुराग जुटाए और आरोपियों को आंध्र प्रदेश के नरसरापेट से ट्रेस कर पकड़ा. दोनों को मेडक वापस लाया गया. पूछताछ के दौरान ममता और फैयाज ने अपना अपराध कबूल कर लिया है. इसके बाद पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में बच्ची के शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. अधिकारियों ने बताया कि शव काफी हद तक सड़-गल चुका था.

New Delhi

# दिल्ली में अब 21 साल के युवा भी पी सकेंगे बीयर?

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में अब 21 साल की उम्र के युवाओं को भी बीयर पीने का कानूनी अधिकार मिल सकता है। इसे लेकर दिल्ली सरकार को कुछ अहम सुझाव मिले हैं। हाल ही में दिल्ली के लोक निर्माण विभाग मंत्री प्रवेश वर्मा की अध्यक्षता में आबकारी समिति की बैठक हुई। बैठक में इस बात पर चर्चा हुई थी कि दिल्ली में बीयर पीने की कानूनी उम्र को 25 साल से घटाकर 21 साल कर दिया जाए। दिल्ली की रेखा गुप्ता सरकार ने पिछले महीने ही 'पारदर्शी और सामाजिक रूप सुरक्षित' आबकारी नीति तैयार करने के लिए इस समिति का गठन किया था।

दिल्ली में शराब पीने की कानूनी उम्र 25 साल है और यह इसके आसपास के पड़ोसी राज्यों से ज्यादा है। उत्तर प्रदेश और हरियाणा दोनों में शराब पीने की कानूनी उम्र 21 साल है जबकि दिल्ली में यह 4 साल ज्यादा है। दिल्ली सरकार के एक सीनियर अफसर ने बताया, "गुड़गांव,



नोएडा, गाजियाबाद और फरीदाबाद समेत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के सभी पड़ोसी शहरों में शराब पीने के लिए कानूनी न्यूनतम उम्र 21 साल निर्धारित है।" उन्होंने बताया कि दिल्ली और एनसीआर के अन्य शहरों में शराब पीने की कानूनी उम्र के बीच अंतर होने से दिल्ली सरकार को राजस्व का नुकसान होता है और दिल्ली के 25 साल से कम उम्र के युवा शराब खरीदने के लिए इन शहरों में जाते हैं।

## खेल

### ◆सात्विक-चिराग की जोड़ी का शानदार प्रदर्शन जारी

# हांगकांग ओपन के सेमीफाइनल में बनाई जगह

**हांगकांग।** सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। सात्विक-चिराग की जोड़ी ने शुक्रवार को मलयेशिया के आरिफ जुनैदी और रॉय किंग याप की जोड़ी को 21-14, 20-22, 21-16 से हराया। भारतीय जोड़ी ने इश दौरान बेहतर तालमेल का नमूना पेश किया और मलयेशियाई जोड़ी को 64 मिनट में ही परास्त कर दिया।



### ◆ धीमी शुरुआत के बाद किया बेहतर प्रदर्शन

सात्विक और चिराग की आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने धीमी शुरुआत की, लेकिन एक बार जब स्कोर 12-12 हो गया तो उन्होंने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और लगातार पांच अंक बना कर पहला गेम जीता। मलयेशियाई खिलाड़ियों ने दूसरे गेम में अपनी लय हासिल करके अच्छी वापसी की। उन्होंने स्कोर 6-6 से बराबर किया और इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। लेकिन सात्विक और चिराग ने अच्छी वापसी करके स्कोर 20-20 से बराबर कर दिया। आरिफ-याप की जोड़ी ने हालांकि अगले दो अंक बनाकर मैच को बराबरी पर ला दिया।

तीसरे और निर्णायक गेम में भारतीय जोड़ी ने बेहतर खेल दिखाया और मलयेशिया की जोड़ी को एक बार भी बढ़त हासिल नहीं करने दी और मैच अपने नाम किया। सात्विक और चिराग ने गुरुवार को थाईलैंड के पीराचाई सुकफुन और पक्कापोन तीरात्साकुल को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की थी।

## सिनेमा

# दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग, गैंगस्टर बोला- एक्ट्रेस की बहन ने प्रेमानंद महाराज का किया था अपमान



एक्ट्रेस दिशा पाटनी से जुड़ी एक चौंकाने वाली खबर सामने आ रही है. उनके बरेली स्थित घर पर कई राउंड्स फायरिंग की गई हैं. ये घटना सुबह 4:30 बजे की है, जहां 2 राउंड हवाई फायरिंग हुई थी. हालांकि इस प्रक्रिया में किसी को भी गोली लगने की खबर नहीं है. सोशल मीडिया पर पोस्ट करके इस फायरिंग की जिम्मेदारी ली गई है जिसकी जांच पुलिस कर रही है. पुलिस फिलहाल फायरिंग करने वालों की तलाश में जुटी है. दिशा पाटनी के बरेली घर पर उनका पूरा परिवार बड़ी बहन खुशबू पाटनी और माता-पिता रहते हैं. खुशबू सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं, लेकिन उन्होंने अभी तक इस पूरे मामले पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है. हालांकि उनके घर पर किसने फायरिंग कराई है, इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए सामने आई है. दिशा के घर पर फायरिंग वीरेंद्र चारण गैंग ने कराई है. उन्होंने खुद इस फायरिंग की जिम्मेदारी ली है. सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए उन्होंने कहा है, 'जय श्री राम, राम राम सभी भाईयो को. मैं वीरेन्द्र चारण, महेन्द्र सारण (डेलाणा). भाइयों आज ये जो खुशबू पाटनी, दिशा पाटनी की बहन के घर पर फायरिंग हुई है, ये हमने करवाई है.'

## Highlights

1. **Assam CM Sarma unveils BJP manifesto for Sept 22 BTC polls**
2. **Vrindavan's Banke Bihari Temple to stop VIP darshan: Reports**
3. **Car with fake number plate sparks scare near DK Shivakumar's home**
4. **Which Indian states have the largest amount of coal?**
5. **SABERA Awards spotlight India's change-makers**
6. **45 phones seized from 4 held for Lalbaugcha Raja visarjan thefts**
7. **Govt withdraws order barring physiotherapists from using 'Dr' prefix**
8. **Woman stabbed in Brahmavar after refusing marriage proposal**
9. **Bihar's people will give a befitting reply: BJP on AI video of PM's mother**

# India's inflation rate quickens for the first time in 10 months in August 2025

**NEW DELHI, (Agency).** India's inflation rate rose for the first time in 10 months in August 2025, but is still low enough for the central bank to consider a repo rate cut if economic growth takes a hit due to US tariffs.

The consumer price index rose 2.07% year-on-year last month, as against a 1.61% for July, according to data released by the ministry of statistics and program implementation on Friday. That compares with the 2.11% forecast by economists in a Bloomberg survey. The Reserve Bank of India aims to keep inflation within 2% and 6%.

A benign inflation, and an economy that's yet to show effects of US tariffs, may prompt the RBI to opt for a rate cut when India's monetary policy committee meets on 1 October. While India's GDP expanded 7.8% in April-June—the quickest pace in over a year—analysts from Citigroup Inc. expect the tariffs to shave



60-80 basis points off annual growth.

The RBI kept the repurchase rate unchanged in August.

Space for more rate cuts will open up from RBI's December policy meeting, "if downside risks to growth materialise and the US Federal Reserve moves ahead with aggressive rate cuts," Upasna Bhardwaj, an economist with Kotak Mahindra Bank, told Bloomberg. She expects the RBI to pause in the next policy meeting.

To be sure, the slight uptick in India's inflation rate is inline with the central bank's estimate. The RBI had warned that inflation may inch up in the coming months and stay above 4% level during January-March 2024.

Teresa John, an economist with Nirmal Bang Equities Pvt Ltd., said that there is scope for interest rates to fall as much as 50 basis points this year. The GST rate cuts announced by the government will also ease inflation pressures going ahead, she said.

# Pro oil-import lobby behind propaganda against E20 fuel, Nitin Gadkari says

**NEW DELHI, (Agency).** The government has not received a single official complaint against E20 fuel, Transport Minister Nitin Gadkari said, in a pushback against naysayers of ethanol blending in fuel.

"We have not received a single official complaint," the transport minister said in his video address to an event in New Delhi on Friday. "It is the pro-oil-import lobby that is behind the social media propaganda against E20 fuel."

I'm using 100% ethanol in my car, and there has been no problem. Brazil has been using 27% ethanol. There has been no



problem."

According to Gadkari, most automakers have flex-fuel engines that can run on both petrol and ethanol.

On increasing ethanol blending beyond 20%, the minister said a decision would be taken only after conducting all tests. "We will follow all necessary testing and standards while increasing ethanol blending in petrol beyond 20%."




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक